
ज्ञापन | स्थानीयों को रोजगार नहीं तो आंदोलन की चेतावनी, परिवहन मोर्चा अठावले के कार्यकर्ताओं ने सौंपा 9 सूत्रीय मांग पत्र

# नीलकंठ कंपनी पर ठेका शर्तों की अनदेखी का आरोप



**अनूपपुर, नवभारत 9 जनवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एसईसीएल जमुना-कोतमा एरिया अंतर्गत आमाडांड खुली खदान में कार्यरत नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर ठेका अनुबंध की शर्तों का पालन न करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिवहन मोर्चा अठावले के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर दिलीप पांडेय को 9 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। संगठन का कहना है कि कंपनी द्वारा स्थानीय ड्राइवरों, मजदूरों और प्रभावित किसानों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है, जबकि ठेका शर्तों में इसका स्पष्ट प्रावधान है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि आमाडांड माइंस का ठेका जिन शर्तों पर दिया गया था, उन्हें अब तक लागू नहीं किया गया है। इस पूरे मामले में एसईसीएल जमुना-कोतमा प्रबंधन और आमाडांड उपक्षेत्रीय प्रबंधन की मिलीभगत होने की बात भी कही गई।

### 70 प्रतिशत मजदूरों की नियुक्ति हैं अनिवार्य

परिवहन मोर्चा के सचिव रविशंकर ने बताया कि ठेका अनुबंध के अनुसार 70 प्रतिशत स्थानीय ड्राइवरों और मजदूरों की नियुक्ति अनिवार्य है, लेकिन वर्तमान में बाहरी राज्यों के लोगों से काम कराया जा रहा है, जबकि स्थानीय बेरोजगार रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने मप्र पुनर्वास नीति 1991 का हवाला देते हुए कहा कि जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उन्हें न तो उचित मुआवजा मिला और न ही रोजगार या प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई, जिससे प्रभावित परिवारों की आजीविका संकट में है।

### प्रदूषण नियंत्रण के ठोस उपाय नहीं किए जा रहे

संगठन ने भारी वाहनों के संचालन से क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि दमा, क्षय रोग और हृदय रोग जैसी बीमारियों में इजाफा हो रहा है, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण के ठोस उपाय नहीं किए जा रहे। साथ ही माइंस संचालन के दौरान बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई किए जाने और उसके अनुपात में पौधरोपण न होने का भी आरोप लगाया गया। संगठन ने तत्काल वृक्षारोपण की मांग की है।

### चेक पोस्टों पर अवैध एंट्री वसूली का मुद्दा भी उठाया

मांग पत्र में वाहन चालकों से चेक पोस्टों पर अवैध एंट्री वसूली का मुद्दा भी उठाया गया। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि कंपनी केंद्रीय नोटिफिकेशन और ठेका शर्तों का पालन नहीं करती है, तो ठेका निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही ओबी रिन्यूअल कार्य में लगे डंपर चालकों के बाहरी होने पर आपत्ति जताते हुए स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी देने की मांग की गई। परिवहन मोर्चा ने प्रशासन को चेताया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आमाडांड माइंस उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम किया जाएगा।



## डस्ट का दम घोटु कहर, गोविंदा साइडिंग क्षेत्र की हवा हुई जहरीली

**कोतमा नवभारत।** एसईसीएल के जमुना-कोतमा क्षेत्र में स्थित गोविंदा साइडिंग के आसपास रहने वाले ग्रामीणों एवं आवागमन करने वालों का जीना मुहाल हो गया है। साइडिंग और साइडिंग के बगल रोड से चौबीसों घंटे उड़ने वाली कोयला डस्ट (धूल) ने इलाके की हवा को इतना प्रदूषित कर दिया है कि लोगों को सांस लेने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हवा में धूल के महीन कणों की अत्यधिक मात्रा के कारण स्थानीय निवासियों में फेफड़ों से संबंधित बीमारियां, अस्थमा और एलर्जी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। घरों की छतों से लेकर कपड़ों और खाने-पीने की चीजों तक, हर जगह कोयले की काली परत जम गई है। ग्रामीणों और स्थानीय कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस गंभीर प्रदूषण पर पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पूरी तरह से उदासीन हैं।

### तुरंत उचित कार्रवाई करने की मांग

एक ओर जहां कोयला डस्ट खेतों में बिछकर फसलों को नुकसान पहुंचा रही है, वहीं दूसरी ओर डस्ट नियंत्रण और खेती के लिए समुचित सिंचाई व्यवस्था का भी घोर अभाव है। पानी की कमी के कारण डस्ट को भी ठीक से दबाया नहीं जा रहा है, जिससे समस्या और विकराल हो रही है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, एसईसीएल प्रबंधन और पर्यावरण विभाग से तुरंत उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## हाथियों ने मटर की फसल को बनाया आहार

**18 दिन पहले छत्तीसगढ़ सीमा पार कर आए हाथियों का धनगवां के जंगल में डेरा**



**अनूपपुर, नवभारत 9 जनवरी।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में 18 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर आए तीन हाथियों का समूह लगातार जैतहरी क्षेत्र के धनगवां वन बीट के जंगल में विचरण कर रहा है। कई दिनों तक जंगल के भीतर ही रहने के बाद गुरुवार-शुक्रवार की रात हाथियों का यह समूह जंगल से बाहर निकला और एक किसान के खेत में लगी मटर की फसल को नुकसान पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर की रात यह हाथियों का दल छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर जैतहरी विकासखंड के धनगवां वन बीट में पहुंचा था। तब से अब तक यह समूह लगातार इसी क्षेत्र में डेरा डाले हुए है। बीते कई दिनों से हाथी रात के समय भी जंगल के भीतर ही रुके हुए थे, लेकिन गुरुवार-शुक्रवार की रात वे धनगवां बीट के कुसुमहाई गांव से लगे झंडीटोला के पास से निकलकर किसान वीरन नापित के खेत में पहुंचे, जहां उन्होंने मटर की फसल को आहार बनाया। इसके बाद हाथी शुक्रवार की सुबह पुन: धनगवां के जंगल में लौट गए।

### वन विभाग ने गश्ती दल गठित किए

हाथियों की लगातार गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग द्वारा दो अलग-अलग स्तर पर गश्ती दल गठित किए गए हैं। ग्रामीणों की मदद से रातभर निगरानी की जा रही है और लोगों को सतर्क रहने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ ग्रामीण दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए घने जंगल में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है।

## आईटीआई तकनीकी कर्मचारी संघ का कैलेंडर विमोचित

**नवभारत, जबलपुर।** संभाग जबलपुर द्वारा वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर विमोचन एवं नववर्ष शासकीय कर्मचारी मिलन समारोह का आयोजन शासकीय संभागीय आईटीआई, जबलपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक अभिलाष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही संस्था के प्राचार्य डॉ. अर्पित शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। संघ की ओर से कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष नरेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष प्रशांत सोंधिया, सचिव पंकज शर्मा, तथा दिलीप यादव, योगेश देशमुख, अभीतेज त्रिपाठी, आर.एस. बरकड़े, माधव यादव, रितु रानी जैन, निवेदिता तिवारी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर आयोजित होगा भारत पर्व

**कलेक्टर ने ली तैयारी बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**




**अनूपपुर, नवभारत 9 जनवरी।** जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया जाएगा। इसको लेकर कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। समारोह में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट सहित विभिन्न टुकड़ियां परेड में भाग लेंगी। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### समापन पुरस्कार वितरण से होगा

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों को दर्शाने वाली आकर्षक एवं जनजागरूकता संदेशयुक्त विभागीय झांकियां समारोह में प्रदर्शित की जाएं। मुख्य अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक के रूप में गुब्बारे छोड़े जाएंगे तथा कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ होगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चित्र प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रात: 8 बजे होगा

कलेक्टर ने ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता का कड़ाई से पालन करने तथा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में 26 जनवरी को प्रात: 8 बजे तक ध्वजारोहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पुलिस एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की तैनाती, अतिथियों, मीडिया एवं आमजन के लिए पृथक बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा मंच व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए।

### एक नजर में




### राजनगर में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

**राजनगर, नवभारत।** नगर परिषद राजनगर स्थित शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 7 जनवरी को गोदग्राम भलमुड़ी के आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सम्माननीय नागरिक पूरन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजन संपन्न हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर एनएसएस प्रभारी दिग्विजय पाटिल, अनुसुइया रजक, रतन सेन, मनोज जायसवाल तथा पूनम वैश्य ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, महत्व एवं सामाजिक दायित्वों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर के प्रथम दिवस स्वयंसेवकों द्वारा आंगनवाड़ी परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।




### आज की मेहनत भविष्य के चुनावी परिणामों में दिखेगी : राजेंद्र शुक्ला

**अनूपपुर, नवभारत 9 जनवरी।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने संगठन के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एसआईआर योजना के अनुरूप जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएं और पूरी ताकत से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आपस में निरंतर संपर्क बनाए रखें तथा फॉर्म-6, 7 और 8 के कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करें, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। शुक्रवार को अनूपपुर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शुक्ला ने कहा कि आज की गई मेहनत भविष्य के चुनावी परिणामों में सकारात्मक रूप से दिखाई देगी। उन्होंने एसआईआर अभियान पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसे प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बैठक के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह ने जिले में चल रहे संगठनात्मक कार्यों की जानकारी साझा की।

### सीईओ ने दिए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की सतत समीक्षा के लिए आयोजित साप्ताहिक क्लस्टर स्तरीय बैठकों में उपयंत्रियों को कार्यों की जिम्मेदारी लेते हुए पंचायतवार प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित ग्रामीण विकास विभाग की पाक्षिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के योजना प्रभारी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी, उपयंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे सीईओ ने एक बगिया मां के नाम योजना के अंतर्गत पौधों की सुरक्षा एवं वृद्धि के लिए सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए।

## 6 स्व-सहायता समूहों का अनुबंध समाप्त

**पीएम पोषण संचालन में लापरवाही का आरोप, शाला प्रबंधन समिति को सौंपी गई जिम्मेदारी**

**अनूपपुर, नवभारत 9 जनवरी।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन (पीएम पोषण) के संचालन में लापरवाही एवं अनियमितता पाए जाने पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने कड़ी कार्रवाई की है। जांच के बाद 11 स्कूलों में कार्यरत 6 स्व-सहायता समूहों का अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संबंधित विद्यालयों की शाला प्रबंधन समितियों को पीएम पोषण योजना के संचालन की जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए हैं, ताकि बच्चों को नियमित, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जा सके। जिन विद्यालयों में कार्यरत स्व सहायता समूहों का अनुबंध समाप्त किया गया है, उनमें एकीकृत प्राथमिक विद्यालय रामनगर, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय सल्हारों, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय चोलना, प्राथमिक विद्यालय बचहा टोला, प्राथमिक विद्यालय बंधवाटोला, प्राथमिक विद्यालय जर्राटोला, प्राथमिक विद्यालय अगरियान टोला, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय करौंदी तथा प्राथमिक विद्यालय कोलान टोला शामिल हैं।

### गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पीएम पोषण योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी इस महत्वपूर्ण योजना में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आगे भी सख्त निगरानी जारी रहेगी।



## वैदिक विधि से किया गया ध्वजारोहण

**जमुना कोतमा नवभारत 9 जनवरी।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में आज दिनांक 09 जनवरी 2026 को प्रात: 10 बजे, निर्धारित शुभ मुहूर्त में श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण, कोतमा कालरी में ध्वजारोहण एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम हिंदू रीति-रिवाजों एवं वैदिक विधि-विधान के साथ विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इसी के साथ हिंदू धर्म सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में हिंदू समाज के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न हुए इस आयोजन में धर्म, संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताया।

### सनातन संस्कृति को सशक्त करने सहभागिता करें

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू धर्म सम्मेलन के अंतर्गत अगला कार्यक्रम 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे, मां दुर्गा मंदिर प्रांगण, जमुना में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने हिंदू समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और सनातन संस्कृति को सशक्त करने में सहभागिता निभाएं।

## कोतमा में आज से गूंजेंगे आस्था के स्वर

**कोतमा, नवभारत 9 जनवरी।** सनातन धर्म की एकता और जनकल्याण के संकल्प के साथ मां मातंगी दिव्य धाम द्वारा सनातन एकता यात्रा एवं त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार का आयोजन आगामी 10 एवं 11 जनवरी को कोतमा नगर में किया जा रहा है। यह आयोजन एलआईसी कार्यालय के समीप स्थित रावण ग्राउंड में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक संपन्न होगा।

आयोजकों के अनुसार दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा आध्यात्मिक मार्गदर्शन के माध्यम से उनके जीवन की कठिनाइयों के समाधान का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में महाशक्तियों के उपासक, मां दिव्य धाम सरकार के पीठाधीश्वर परम पूज्य डॉ. प्रेमा साईं महाराज जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उनके सान्निध्य में भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा, आशीर्वाद एवं जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली प्रेरणा प्राप्त होगी।

### सनातन संस्कृति का किया जाएगा प्रचार-प्रसार

आयोजन समिति ने बताया कि यह पूरा कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क है, ताकि समाज के सभी वर्ग बिना किसी भेदभाव के इस दिव्य दरबार में सहभागी बन सकें।

### दादा दरबार सिद्ध घाट में चार दिवसीय यज्ञ का समापन

**नवभारत, जबलपुर।** नर्मदा तट के सिद्ध संत पगलानंद महाराज के 75वें जन्मोत्सव के अवसर पर जबलपुर स्थित दादा दरबार सिद्ध घाट में चार दिनों से चल रहे यज्ञ का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों संतों ने दरबार पहुंचकर दादा जी को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान तुलादान किया गया तथा एक पुस्तक का विमोचन भी संपन्न हुआ।

चोरी | राजनगर की घटना से नहीं ली सीख, चलती ट्रेन पर चढ़कर फिल्मी अंदाज में कोयला फेंकते हैं, रेलवे पुलिस की भूमिका संदिग्ध

# चलती मालगाड़ी से कोयला चोरी साबित हो सकती हैं जानलेवा

**कोतमा नवभारत 9 जनवरी।** गोविंदा कोल साइडिंग से मालगाड़ी रवाना होते ही गणेश नगर लहसुई क्षेत्र में चलती मालगाड़ी से कोयला चोरी का खतरनाक सिलसिला बेरोकटोक जारी है। यह अवैध धंधा न सिर्फ रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि इसमें लिप्त लोगों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बना हुआ है।



चोर जान जोखिम में डालकर, चलती ट्रेन पर चढ़कर फिल्मी अंदाज में कोयला फेंकते हैं, जिसे नीचे मौजूद उनके साथी इकट्ठा करते हैं। यह तरीका अत्यंत जानलेवा है और जरा सी चूक बड़े हादसे का कारण बन सकती है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले राजनगर कोल साइडिंग में कोयला चोरी करते समय एक व्यक्ति की दुखद मौत हो गई थी, लेकिन इस घटना से भी चोरों या संबंधित प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है।

### पुलिस गश्त के बाद चोरी शुरू होती है

स्थानीय लोगों और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस पूरे अवैध कारोबार पर रेलवे पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। आरोप है कि पुलिस की सुस्ती या अनदेखी के कारण ही चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। कई जगह तो पुलिस गश्त हो जाने के तुरंत बाद चोरी शुरू होने की बात भी सामने आई है।

### कोयला चोरों के सामने प्रशासन नतमस्तक

दुमका-रामपुरहाट रेल मार्ग जैसे कई क्षेत्रों में भी मालगाड़ी से कोयला चोरी का धंधा बदस्तूर जारी है, जिसे रोकने में रेल प्रशासन और स्थानीय पुलिस नाकाम साबित हो रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं न कहीं कोयला माफियाओं और चोरों के सामने प्रशासन नतमस्तक है। स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि रेलवे पुलिस को अपनी गश्त बढ़ानी चाहिए और कोयला चोरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में राजनगर जैसी कोई जानलेवा घटना दोबारा न हो।

### आरपीएफ की निष्क्रियता से चोरों के हौसले बुलंद

कई रिपोर्टों में यह खुलासा हुआ है कि कोयला चोर आरपीएफ पोस्ट से कुछ दूरी पर बिना किसी डर के चलती ट्रेनों से कोयला चोरी करते हैं। सागर-बीना लाइन जैसे कई क्षेत्रों में खुलेआम हो रही चोरी पर भी आरपीएफ द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से चोरों के हौसले बुलंद हैं, और इस मामले में आरपीएफ की सांठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता।

### ट्रेन गार्ड के मना करने पर भी नहीं रुकते

कोयला चोर गिरोह इतना सक्रिय है कि वे ट्रेन गार्ड के मना करने पर भी चोरी करने से नहीं डरते और उनकी बात को अनसुना कर देते हैं, जो उनकी मजबूत पृष्ठभूमि और संरक्षण की ओर इशारा करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह चोरी सिर्फ कुछ लोगों की भूख नहीं, बल्कि एक संगठित आपराधिक गिरोह का काम है जिसे स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहयोग के बिना अंजाम देना लगभग असंभव है।


**आम इस्तहार**

मैं शिवांशु रंजन अधिवक्ता अनूपपुर कार्यालय शिव मारूती मंदिर के पास अनूपपुर थाना तह. व जिला अनूपपुर म.प्र. अपने पक्षकार श्री नरेश कुमार गुप्ता पिता श्री हीरालाल गुप्ता निवासी सब्जी मंडी वार्ड नं. 05 अनूपपुर की ओर से अधिकृत होकर यह आम सूचना जारी करता हूं कि मेरे पक्षकार के द्वारा यह आम सूचना प्रकाशित कराई जा रही है कि नरेश कुमार गुप्ता पिता हीरालाल गुप्ता की मूल विक्रय पत्र क्रं. MP462522018A1226631 दिनांक-31/03/2018 जो ग्राम सामतपुर की ख.नं.-566/1/क/1/2 रकवा-0.0350 यानी 1870 वर्गफिट भूमि जिसकी चौहद्दी उ. में ईरा घोष की भूमि, द. में नरेश कुमार गुप्ता की भूमि, पू. नगर पालिका की सी.सी. भूमि, प. में सिद्धार्थ पटेल की भूमि स्थित है से संबंधित उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति कहीं खो गई है या रास्ते में कहीं गिर गई है जो काफी पता तलाश के बाद भी नहीं मिल रही है। मेरे पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मेरे पक्षकार नरेश गुप्ता ने उक्त रजिस्ट्री को किसी सरकारी या गैर सरकारी वित्तिय संस्थान में गिरवी नहीं किया और न ही उसका कोई आज दिनांक तक उपयोग किया है ये सूचना के माध्यम से आमजन को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त रजिस्ट्री के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो या किसी को मिली हो तो उक्त रजिस्ट्री को सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में उपलब्ध करा दिया जावे। उक्त संबंध में थाना अनूपपुर में लिखित सूचना पक्षकार के द्वारा दी गई है।

अनूपपुर/दिनांक-

भवदीय
शिवांशु रंजन